Govt.of MadhyaPradesh

मध्य प्रदेश शासन

Office of the Field Director
Panna Tiger Reserve
Panna, Madhya Pradesh, (India)
Email: fdptr@rediffmail.com, fdptr82@gmail.com
Ph: +917732252135 (O) & Fax: +917732252120

Panna Tiger Reserve

पन्ना टाईगर रिजर्व

प्रेस नोट

पन्ना टाईगर रिजर्व की रोकथाम रणनीति की एक और सफलता
पारधी डेरों में लगभग 60 से अधिक हथगोले एवं औजार बरामद

मुखबिर पर आधारित पन्ना टाईगर रिजर्व के असूचना एवं विधिक प्रकोष्ठ को मिली सूचना के मुताविक दिनांक – 25.11.2012 को गंगऊ अभयारण्य में एवं गंगऊ अभयारण्य से अजयगढ़ की ओर पाठाबसाटा गांव में पारधी के डेरों पर सफल सर्चिंग की गई, जिसमें ललार सिंह, गिलट सिंह, मिथुन लाल, रमना बाबू आदि लोगों से एवं मौके पर कुल 61 हथगोले एवं कुछ औजार बरामद किये गये। ललार सिंह वही पुराना अपराधी है जो कि उत्तर पन्ना वन मण्डल के पी.ओ.आर. प्रकरण क्रमांक 1161/13 दिनांक 11.11.2009 में सुअर के गोश्त के साथ पकड़ा गया था। पी.ओ.आर. क्रमांक 324/24 दिनांक 25.11.2012 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है एवं विवेचना जारी है एवं सभी अभियुक्तों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। अब फसल का मौसम प्रारम्भ हो गया है तो हथगोले, फंदा आदि से जानवरों से फसल नुकसानी को रोकने या शिकार के उद्देश्य से शिकार का प्रयास जारी है। परन्तु इस कार्यवाही से इसके ऊपर कुछ हद तक अंकुश लगेगा, ऐसा टाईगर रिजर्व प्रबन्धन का मानना है।यह समस्त कार्यवाही परिक्षेत्र अधिकारी मड़ला श्री सन्तोष मर्सकोले के नेतृत्व में सम्पन्न हुई जिसमें परिक्षेत्र सहायक बकचुर, परिक्षेत्र सहायक मड़ला, परिक्षेत्र सहायक हरसा के अतिरिक्त उडनदस्ता के अन्य सदस्यगणों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

'' जय हिन्द, जय भारत ''

दिनांक – 26.11.2012

क्षेत्र संचालक
पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना